सार-समाचार

जीबी मोदी विद्या मंदिर में वार्षिक रचनात्मक गतिविधियों का प्रदर्शन

झुंझुनूं, (निसं)। बाकरा रोड अंबेडकर नगर स्थित जीबी मोदी विद्या मंदिर प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा वार्षिक रचनात्मक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, इतिहास, राजनीति विज्ञान आदि विभिन्न विषयों के अलग-अलग मॉडल व प्रोजेक्ट तैयार कर उन्हें प्रदर्शित किया गया और कक्षा पांच से आठ तक के बच्चों द्वारा विज्ञान परिचय दिया गया। वहीं दूसरी ओर रामायण प्रसंगों के माध्यम से बच्चों द्वारा केवट प्रसंग, सोने का मृग, पुष्पक विमान, शबरी प्रेम, बालीवध, संजीवनी बूंटी, राम रावण युद्ध और राम दरबार आदि प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धा-भक्ति, प्रभु प्रेम, सत्य की विजय, अधर्म का अंत और बड़ों के प्रति सम्मान व आदर तथा सामाजिक जीवन को दर्शाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव श्रवण कुमार केजड़ीवाल, सेठ मोतिलाल कॉलेज के प्राचार्य राजेश निर्वाण, राजस्व विभाग से सेवानिवृत मनीराम खीचड़, डॉ. ममता जालान, सीए पवन केडिया, डॉ. बंशीलाल शर्मा, योगेश खंडेलिया, जीबी मोदी पब्लिक स्कूल सचिव दिनेश अग्रवाल, प्रधानाचार्या रंजना मित्तल और अभिभावक मौजूद थे। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रशासनिक अधिकरी अनिता बंसल व सुनिता पाल ने अतिथियों को सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया।

'स्थायी लोक अदालतों से आमजन को त्वरित न्याय मिलेगा'

रतनगढ़ (निसं)। न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का त्वरित समाधान अभियान के तहत राज्य सरकार द्वारा 'रालसा का न्याय: 3 माह का विशेष अभियान' चलाया जा रहा है। 9 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राजस्थान में स्थायी लोक अदालतों के माध्यम से आमजन को आसान और सुलभ न्याय उपलब्ध करवाया जा रहा है। अभियान के अनुसार बिजली, पानी, परिवहन, दूरसंचार, स्वास्थ्य सेवाएँ, गैस एजेंसी जैसी कई लोक उपयोगिता सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण स्थायी लोक अदालतों में बिना किसी जटिल प्रक्रिया, कम खर्च और शीघ्र समय में किया जाएगा।रालसा द्वारा बताया गया कि स्थायी लोक अदालतों का उद्देश्य आम आदमी को न्याय तंत्र से अधिकाधिक जोड़ना और लोक उपयोगिता से संबंधित विवादों का समाधान सरल प्रक्रिया द्वारा कराना है। इस अभियान में संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि वे जनसमस्याओं के समाधान में सहयोग करें।जनसंपर्क हेतु जारी जानकारी में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति अवगत करवाई गई हेल्पलाइन पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करवा सकता है।

बीएचएस और पीएचएस की समीक्षा बैठक

सीकर, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से सोमवार को स्वास्थ्य भवन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया की अध्यक्षता में ब्लॉक हैल्थ सुपरवाइजर तथा पीएचसी हैल्थ सुपरवाइजर्स की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की और लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया तथा जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह नेने हैल्थ सुपरवाइजर्स को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए संचालित कार्यक्रमों की गुणवत्तापूर्ण मॉनिटरिंग करने तथा आशा सहयोगिनियों के कार्य का समय समय पर वास्तिविक सत्यापन करने के निर्देश दिए। ओडीके मोबाइल एप के माध्यम से एचबीएनसी, एचबीवॉयसी और टीकाकरण की ऑनलाइन रिपोर्टिंग में सुधार करने के निर्देश दिए।

कार्यशाला 19 को

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला 19 से 21 नवम्बर तक आयोजित होगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि गोकुलपुरा बाईपास स्थित होटल खासियत में 19 नवम्बर को सुबह 10 बजे विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से होने वाली कार्यशाला में जिले के सभी खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, एलएचवी भाग लेंगे।

फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये

■ जिला कलेक्टर सीकर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, समस्याओं के समाधान एवं जनहित से जुड़े मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर शर्म ने सभी अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण और शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि बढ़ाने के निर्देश दिए।

साथ ही, एनएफएसएफ, राइजिंग राजस्थान, पीएमएवाई शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना जैसी फ्लैगशिप योजनाओं में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने सभी नगरपालिका ईओ को सर्दियों में रैन बसेरा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-फाइल डिस्पोजल में कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, परिवहन, सामाजिक न्याय सहित सभी विभागों में समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

फ्लेगशिप योजनाओं में लाडों प्रोत्साहन योजना, कुसुम योजना, गिवअप अभियान में प्रगति बढ़ाने और एसआईआर अभियान के तहत अधिकारी, अधिनस्थ कार्मिकों एवं उनके परिवार के ईएफ फॉर्म ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने लोकायुक्त, मानवाधिकार और मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रकरणों का निस्तारण करने एवं लाइट्स पोर्टल में जवाबनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, संयुक्त निदेशक डीओआईटी सत्यनारायण चौहान, अधीशाषी अभियन्ता रामकुमार चाहिल सहित बैठक से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

साहित्यिक प्रदर्शनी लगाई

झुंझुनूं, (निसं)। जेबी शाह गर्ल्स पीजी कॉलेज महाविद्यालय में सोमवार को साहित्यिक प्रदर्शनी नया आंगन का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में संचालित हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू विषय के सहायक आचार्यों के निर्देशन में छात्राओं द्वारा विषय संबंधित विभिन्न विषयों पर मॉडल बनाकर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

निर्णायक की भूमिका शशिप्रकाश अहलावत एनएसएस नोडल अधिकारी एवं सहायक आचार्य हिंदी, प्रीतम सहायक आचार्य अंग्रेजी, खुर्शीद सेवानिवृत प्राचार्य ने निभाई। इस प्रदर्शनी में प्रथम स्थान बीए प्रथम सेमेस्टर की रौनक मारवाल व प्रिया गहलोत अंग्रेजी ने प्राप्त किया।

पाटन में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप, ग्रामीणों में रोष बढ़ा

■ ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है

नीमकाथाना (निसं)। तहसील पाटन के मेहरों की ढाणी क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राजस्व ग्राम पाटन के खसरा नंबर 304, जो सरकारी रिकॉर्ड में राजस्थान सरकार के नाम दर्ज है, उस पर बनी पानी की टंकी और छोटी खेली को हटाकर नया निर्माण आरंभ किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी गहरा गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी भूमि पर जबरन निर्माण कार्य किया जा रहा है। आरोप है कि जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो उन्हें धमकियाँ दी गई और मारपीट की कोशिश भी की गई, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के दौरान पाटन पुलिस भी मौके पर मौजूद थी, लेकिन उसने अवैध निर्माण रोकने के बजाय विरोध कर रहे ग्रामीणों को ही चेतावनी देना शुरू कर दिया। इससे लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति असंतोष और बढ़ गया है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर तहसीलदार ने कहा कि पटवारी की रिपोर्ट मिलते ही भूमि पर पाबंदी लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि खसरा नंबर 304 व 346 पर निर्माण कार्य लगातार जारी रहने से ग्रामीणों का आक्रोश कम होने के बजाय और तेज हो रहा है।

ग्रामीणों की मुख्य मांगें है कि सरकारी भूमि पर चल रहा निर्माण तुरंत रुकवाया जाए, कब्जाधारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए,भूमि को कब्जा मुक्त कर पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए,धमकियाँ और उपद्रव करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण

■ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

चूरू (निसं)। सोमवार को ग्राम पंचायत नाकरासर में 06 करोड़ की लागत सक ज्यादा के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने किया।

ग्राम पंचायत नाकरासर में विधायक कोटे से राजकीय उमावि में 02 कक्षा कक्ष का लोकार्पण, जिला प्रमुख कोटे से टीन शैड निर्माण का लोकार्पण, विधायक कोटे से गांव रामदेवरा में विद्यालय के टीनशेड का लोकार्पण, पंचायतीराज के प्रधान कोटे से किए गए कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि विकास का दूसरा नाम भाजपा है। भाजपा के राज में विकास कार्यों की गंगा बहाई जाती है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री व राज्य के मुख्यमंत्री ने जनहित में कार्य कर विकास को नई गति प्रदान की है। जिससे देश प्रगती कि और बढ़ रहा है।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा सरकार जब भी आती है तो विकास कार्यों की सौगात साथ में लाती है। भाजपा सरकार के विकास कार्य आज धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। भाजपा के राज में आज हर वर्ग का व्यक्ति विभिन्न योजनाओं से लाभाविन्त हो गया है।

इस अवसर जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचन्द राहड, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, भाजपा महामंत्री चन्द्राराम गुरी, विधानसभा संयोजक पदम सिंह राठौड, कुंभाराम आर्य फाउण्डेशन के जिलाध्यक्ष चेतराम सारण, सरपंच मीरा देवी, शिशपाल भांभू आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नारायण बेनीवाल, बीनासर मण्डल अध्यक्ष दौलतराम प्रजापत, शिशपाल भांभु, केसरदेव पाण्डिया, संपत, प्रभुराम, लक्ष्मण भांभु आदि उपस्थित थे। शिशपाल भांभु ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

सार-समाचार

नीमकाथाना के दया कृष्ण गुर्जर राजस्थान सरकार के पैनल अधिवक्ता नियुक्त

नीमकाथाना (निसं)। उपखंड क्षेत्र के नारदा पाटन निवासी दया कृष्णा गुर्जर को राजस्थान सरकार द्वारा नगर निगम जयपुर (हेरिटेज एवं ग्रेटर) का पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। दया कृष्णा गुर्जर वर्ष 2018 से राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र और आसपास के गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई। नियुक्ति के बाद दया कृष्णा गुर्जर ने बताया कि जयपुर नगर निगम हेरिटेज एवं ग्रेटर से संबंधित जितने भी कार्य लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता से निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी आमजन न्याय की अपेक्षा रखते हैं, उनके लिए वे सदैव प्रयासरत रहेंगे। साथ ही लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक उलझे हुए प्रकरणों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दया कृष्णा गुर्जर की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, श्याम मित्र मंडल, स्काउट स्थानीय संघ पाटन, नीमकाथाना, कालू, सरपंच, मनोज चौधरी, सरपंच अमित यादव, जेपी यादव, अशोक जोधपुरी, दीपक महाजन, इंद्राज सैनी, शंकर सैनी, कैलाश गुर्जर, चित्र गुर्जर, हजारी, सरपंच बलराम, सरपंच शीशराम मनकस, गोकुल, सरपंच कृष्णा गुर्जर सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त कीनवनियुक्त पैनल अधिवक्ता के पिता बाबूलाल गुर्जर वर्तमान में भारत स्काउट गाइड जिला सीकर के जिला अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर के पद पर कार्यरत हैं। वे स्वयं भी समाजसेवी हैं और स्काउट राज्य पुरस्कार से सम्मानित रह चुके हैं।

पटवार संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान पटवार संघ रतनगढ़ इकाई के वर्ष 2025-26 के लिए चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। चुनाव अधिकारी द्वारा जारी परिणाम-पत्र के अनुसारसंदीप कड़वासरा को संघ काअध्यक्षचुना गया है। संघ में लंबे समय से सक्रिय और संगठनात्मक कार्यों में अग्रणी रहने वाले संदीप कड़वासरा के चयन का सदस्यों ने स्वागत किया।उपाध्यक्षपद परअजय ढाकाको जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकिमहामंत्रीके रूप मेंअजय गुर्जरका चयन किया गया है। कार्यकारिणी मेंसंयुक्त मंत्रीके रूप मेंरेखा बैरवा,संगठन मंत्रीके पद परबृजमोहन कुल्हरी, औरकोषाध्यक्षके रूप मेंपन्नालाल गिलाको सम्मिलित किया गया है। नई टीम को संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

लाटा जिला समन्वयक नियुक्त

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर राकेश कुमार लाटा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सीकर के सेवानिवृत्ति पश्चात पे-माइनस पेंशन प्रावधान के अन्तर्गत जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है। जिला समन्वयक के रूप में राकेश कुमार लाटा श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटूश्यामजी, जीणमाता मंदिर एवं शाकम्भरी माता मंदिर के वार्षिक मेला प्रबंधन, प्रोटोकॉल कार्य, राष्ट्रीय पर्वों में उद्घोषक कार्य, शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक संबलन, जिला री-लाडली कल्याण समिति, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी तथा जिला पर्यटन विकास समिति आदि कार्यों के संपादन एवं समन्वय का दायित्व संभालेंगे।

आरकेसीएल का निःशुल्क महिला बैच प्रारंभ

चूरू (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत महिला बैच कोर्स निःशुल्क आरकेसीएल कंप्यूटर कोर्स का बैच का शुभारंभ राहुल इंफोटेक जीके मॉल में शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य अतिथि मधुर स्पेशल शिक्षण संस्था की अंजू नेहरा, पीपुल यूनिटी संस्थान के अध्यक्ष रघुनाथ खेमका, विशिष्ट अतिथि इंजीनियर सुरेश शर्मा थे। इस अवसर पर अजू नेहरा डिजिटल युग में कंप्यूटर की महता पर प्रकाश डाला। संस्था के महमूद खान मोयल ने बताया इस कोर्स के लिए 10वीं पास होना आवश्यक है और प्रशिक्षण के पश्चात छात्राओं को विएओयु कोटा यूनिवर्सिटी द्वारा सार्टिफिकेट भी प्रदान किया जायेगा। इस योजना में काफी छात्राएं शामिल हुई।

चिकित्सा शिविर में 388 लोग लाभान्वित

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. अनिल महलावत के सौजन्य से स्वर्गीय खींवाराम की स्मृति में निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं मल्टी स्पेशलिटी शिविर का आयोजन चावो दादी मंदिर में किया गया।

शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सौम्य महलावत, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुंदन सैन, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश रूलानिया, न्यूरो लॉजिस्टिक डॉ. जोगिंदर सिंह, गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. नवीन महला एवं टीबड़ा आई हॉस्पिटल डॉक्टर्स टीम द्वारा आंखों की जांच कर परामर्श दिया गया।

संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि शिविर में 165 आंखों के रोगियों की जांच कर 105 चश्में व दवाइयां वितरण की गई। मोतियाबिंद के 16 रोगियों का चयन किया। जिनके ऑपरेशन कराए जाएंगे। मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के 145 रोगियों की जांच कर डॉक्टर्स के परामर्श अनुसार निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। 78 अन्य रोगियों को परामर्श के साथ दवाइयां उपलब्ध कराई कुल 388 लोग लाभान्वित हुए।

हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

पाटन (निसं)। एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पाटन पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात हिस्ट्रीशीटर इंद्राज गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि इंद्राज गुर्जर निवासी गोविंदाला, थाना पाटन, लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, अवैध हथियार रखने और फिरौती जैसे संगीन प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी की बढ़ती सक्रियता से क्षेत्र में शांति व्यवस्था पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। इसी के चलते उसकी पुरानी आपराधिक पृष्ठभूमि और निरंतर गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए उसे दबिश देकर पकड़ा गया। इंद्राज गुर्जर के खिलाफ पाटन, नीमकाथाना सदर, कोतवाली नीमकाथाना, सरुंड (जयपुर ग्रामीण), पनियाला, कोटपूतली-बहरोड़ और उदयपुरवाटी सहित कई थानों में आर्म्स एक्ट एवं अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को जयपुर स्थित सेंट्रल जेल में पेश किया गया, जहां आगे की कार्रवाई जारी है।

अपना घर आश्रम को 40 कंबल भेंट

रतनगढ़ (निसं)। लायन्स क्लब रतनगढ़ वेस्ट द्वारा सेवा गतिविधियों के तहत बुधवार कोअपना घर आश्रमके रहवासी प्रभुजनों के लिए 40 गर्म कंबल प्रदान किए गए।

यह सेवा कार्य भामाशाह एडवोकेट टेकचंद कटारिया और संजय कटारियाके आर्थिक सहयोग से संपन्न हुआ। आश्रम में रह रहे जरूरतमंद वृद्धजनों एवं असहाय व्यक्तियों को इन कम्बलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब अध्यक्षप्रदीप धर्डने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया किअपना घर आश्रम की स्थापना दिवसके उपलक्ष्य मेंहर माह की 26 तारीख को सुबह का भोजनआगामीएक वर्ष तक लायन्स क्लब रतनगढ़ वेस्टद्वारा कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सेवा कार्य ही लायन्स क्लब का मूल उद्देश्य है और आश्रम के निवासियों के लिए निरंतर सहयोग जारी रहेगा।

कार्यक्रम कोमोहम्मद अनवर कुरैशी, मनोज जोशी, सुगनचंद मंडार, डॉ. हीरालाल सोनी और विवेक गौड ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने समाज में जरूरतमंदों की सेवा को सर्वोपरि बताते हुए आश्रम प्रबंधन को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

मूलभूत आवश्कताओं में सतत सुधार होना जरुरी : महर्षि

■ विधायक अभिनेश महर्षि ने नई सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

रतनगढ़ (निसं)पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने सोमवार को शहर के वार्ड नंबर 23 व 05 में नई सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान वार्डवासियों ने महर्षि का साफा, दुपट्टा एवम पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। महर्षि ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली एवम पानी मूलभूत आवश्यकताये हैं जिनमें समय समय पर सतत रूप से सुधार होना अनिवार्य है। सड़क आवागमन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है जो उस शहर के विकास की कहानी बयां करता है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 23 में कुरडाराम मेघवाल के घर से वाया, घडसीराम आलाडीया के घर से होते हुए देराजसर मुख्य सड़क तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य लगभग 16.57 लाख रुपये की लागत से एवम वार्ड नंबर 05 में गोपाल के घर से सिकंदर के घर तक एवम नेहरू स्टेडियम की दीवार से विजय कुमार सैनी के घर तक सी.सी सड़क निर्माण कार्य 18.04 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत करवाया गया है।

सैनी ने बताया कि शहर के विभीन्न वार्डों में सघन संपर्क करते हुए सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाए जा रहे है।भाजपा सबका साथ, सब का विकास, सबका विश्वास के मूलमंत्र को साकार करने वाली पार्टी है।

बेदखली बाबत सूचना

मनके राजेश कुमार पुत्र प्रभुराम उम्र 32 वर्ष जाति धाणक निवासी चुवकियागढ़ तहसील सिद्धमुख जिला चूरू (राज.) जो निम्न तथ्य शपथपूर्वक ब्यान करता हूं :- 1. यह कि मेरी पत्नी बिना मेरी इज्जत के बिना मेरे से अलग रह रही है, तथा हमारे बीच में कोई दाम्पत्य संबंध नहीं रहे है। मेरी पत्नी किसी अन्य पुरुष के सम्पर्क में है तथा उसी के साथ में रह रही है, जिस कारण मैं मेरी पत्नी बिना को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति तथा हक अधिकार से वंचित करता हूं। भविष्य में हम दोनों पति पत्नी का कोई सम्बंध नहीं रहेगा, मैं मेरी पत्नी बिना को आज दिनांक 17.11.2025 से बेदखल कर रहा हूं।

शपथ ग्रहिता- राजेश

आम सूचना

यह सूचित किया जाता है मेरे मुवक्किल **श्रीमान अमित कुमार सोनी पुत्र श्री रमेश कुमार, निवासी वार्ड नं. 06, हनुमान पार्क के पीछे, रतनगढ़, तहसील रतनगढ़, जिला चूरू, राजस्थान - 331022** की स्वामित्व वाली संपत्ति, जो **वार्ड नं. 06, हनुमान पार्क के पीछे स्थित 1280 वर्गफुट क्षेत्रफल का प्लॉट है,** का स्वामित्व इतिहास इस प्रकार है :- दिनांक 01.02.1971 को मदनलाल पुत्र श्री मोहनलाल द्वारा बाबूलाल पुत्र श्री मोहनलाल के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख 02.02.1971 को पंजीकृत हुआ, तत्पश्चात दिनांक 04.11.1989 को बाबूलाल पुत्र श्री मोहनलाल द्वारा बजरंगलाल पुत्र श्री तोलाराम के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख 06.11.1989 को पंजीकृत हुआ, तत्पश्चात दिनांक 10.02.2021 को बजरंगलाल पुत्र श्री तोलाराम द्वारा श्री अमित कुमार सोनी पुत्र श्री रमेश कुमार के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख 10.02.2021 को उप पंजीयक, रतनगढ़ में पंजीकृत हुआ। श्री अमित कुमार सोनी उपरोक्त संपत्ति पर **CHOLAMANDALAM INVESTMENT & FINANCE COMPANY LIMITED** से ऋण (Loan) ले रहे हैं, अतः यदि इस संपत्ति अथवा उक्त ऋण प्रक्रिया के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था का कोई दावा, आपत्ति, बंधक या विवाद हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति एवं ऋण प्रक्रिया पर किसी का कोई दावा या आपत्ति नहीं है।

मुकुंद पंचारिया (एडवोकेट)
दिनांक : 17.11.2025
जयपुर मो. 7793033590, 9829290229

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ दिनांकः 13/11/2025

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेश पारीक पुत्र श्री सीताराम पारीक साकिन वार्ड नं.27 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने अपने खरीदशुदा भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 236.38 वर्गमीटर का नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री बृजलाल पुत्र श्री नोरंग लाल जाति अग्रवाल के नाम से साईज 2328.14 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री बृजलाल ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.01.2025 श्री नरेश पारीक पुत्र श्री सीताराम को बैचान कर दिया। जिसका नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है।अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राज.

Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक/न.पा.ता./2024-25/3944 दिनांक :- 14.11.2025

पट्टा निरस्तीकरण आदेश

नगरपालिका तारानगर द्वारा जारी पट्टा के प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेज मिथ्या प्रस्तुत कर पट्टा जारी करवाने पर प्राप्त शिकायत तथा बाद जांच कमेटी रिपोर्ट का अवलोकन करने पर नगरपालिका द्वारा जारी निम्नलिखित पट्टा नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 03 (50) यूडीएच/ 03/2012 दिनांक 31.05.2012 के नियम 34 के उल्लेखित शर्त एवं Law (Legislative Drafting) Department (Group-II) Notification Jaipur April 15, 2021 Chapter-III Amendment in The Rajasthan Municipalities Act 2009 4 Insertion of New Section 73 B (Revocation of Allotment and Cancellation of lease deed), Rajasthan Act No. 18 में उल्लेखित प्रावधानुसार पट्टा निरस्त किया जाता है।

क्र. स.	पट्टा धारक का नाम	पट्टाधारक का पता	भिशल नम्बर	पट्टा संख्या	जारी दिनांक	तादादी
1.	मोहम्मद ईदरीश पुत्र मोहम्मद यासीन	वार्ड नं. 13 तारानगर, चूरू, राजस्थान	4063	2440	10.08.2024	491.48 वर्गमीटर

अतः राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 73-बी में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुये पट्टे के पेटे जमा समस्त राशि को राज सात कर उपरोक्त सूचीबद्ध पट्टा को निरस्त किया जाता है यह पट्टा निरस्तीकरण आदेश मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.11.2025 को जारी किया जाता है।

राज.संवाद/सी/25/14013 अधिशाषी अधिकारी